पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

अनिल भूषण चतुर्वेदी ने संभाली प्रभारी शिक्षा निदेशक बेसिक की जिम्मेदारी

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रभावी क्रियान्वयन पर रहेगा फोकस : अनिल भूषण चतुर्वेदी

लखनऊ : 02 जून, 2026

अनिल भूषण चतुर्वेदी ने मंगलवार को बेसिक शिक्षा विभाग के प्रभारी शिक्षा निदेशक बेसिक के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक कर विभागीय कार्यों, योजनाओं एवं प्राथमिकताओं की जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर विभाग के अधिकारियों ने उनका स्वागत करते हुए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों, नवाचारों तथा वर्तमान में चल रही गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, छात्र हितों से जुड़े कार्यक्रमों, शिक्षक प्रशिक्षण, आधारभूत सुविधाओं के विकास तथा विभागीय लक्ष्यों की प्राप्ति से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई।

कार्यभार ग्रहण करने के बाद अनिल भूषण चतुर्वेदी ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप बेसिक शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी टीम भावना के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा शासन की प्राथमिकताओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

सम्पर्क सूत्र–धर्मवीर खरे

राम यतन/05:45 **PM**

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0 : 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in